नियम एवं शर्ते

1. ऑनलाइन आवेदन, वर्ष 2019 की मुख्य परीक्षा एवं उसके पश्चात होने वाली समस्त वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए ही स्वीकार किये जायेंगे।
2. परीक्षार्थी के परीक्षाफल घोषित होने की तिथि के उपरान्त 15 दिनो तक ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। निर्धारित अवधि के उपरान्त आवेदन किया जाना सम्भव नही होगा।
3. आवेदक को विश्वविद्यालय नियमानुसार उत्तर पुस्तिका की स्कैन प्रति ई–मेल के माध्यम से प्राप्त करने हेतु निर्धारित शुल्क रू0 300–00 (रू0 तीन सौ मात्र) प्रति उत्तर पुस्तिका देय होगा। ऑनलाइन जमा शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा।
4. आवेदक को अपनी ई–मेल आई0डी0 अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी जिसके माध्यम से अग्रिम कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी। आवेदक अपने ई–मेल आई0डी0 का निरन्तर अवलोकन करना सुनिश्चित करेगें क्योकि विश्वविद्यालय द्वारा ई–मेल के माध्यम से ही आवेदक से सम्पर्क किया जायेगा।
5. **एक से अधिक प्रश्नपत्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के अवलोकन हेतु प्रश्नपत्रवार अलग–अलग आवेदन करना आवश्यक होगा।**